5 / 12

10 को आयोजित होगा यूटीयू का 7वां दीक्षांत समारोह

इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ व पदमश्री एचसी वर्मा प्रो आईआईटी कानपुर होंगे शामिल

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) का 7वां दीक्षांत समारोह 10 अक्टूबर को विवि मुख्यालय सुद्धोवाला में आयोजित होगा, जिसका विश्वविद्यालय ने अपनी विद्या परिषद व कार्य परिषद की बैठकों में अनुमोदन लेकर अब तैयारी पूरी कर ली है। दीक्षांत समारोह को आयोजित किये जाने का अनुमोदन कुलाधिपति ने दे दी है।

कुलसचिव प्रो. सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि दीक्षांत समारोह के सफल आयोजन के लिये सम्पूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं और विवि के सभी अधिकारी व कर्मचारी समारोह के सफल आयोजन के लिये दिन-रात कार्य कर रहे हैं। स्वयं कुलपति प्रो. ओंकार सिंह भी प्रतिदिन दीक्षांत समारोह के कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। प्रो. ओंकार सिंह ने जब उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में कार्यभार ग्रहण किया तो उनके द्वारा तय की गयी प्राथमिकताओं में से दीक्षांत समारोह का आयोजन प्रत्येक शैक्षणिक सत्र की समाप्ति पर कराना भी सम्मिलित था जो अब साकार हो रहा है। कुलपति प्रो. सिंह ने बताया कि पिछले 2 वर्षों (वर्ष 2021-22 से 2022-23 तक) के 6,190 स्नातक एवं 1,948 परास्नातक छात्र-छात्राओं, 105 गोल्ड व सिलवर मैडलिस्ट एवं वर्ष 2022 से अगस्त 2023 तक के 59 पीएचडी धारकों को कुलाधिपति-राज्यपाल की ओर से दीक्षांत समारोह में उपाधि दी जायेगी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को उपाधियां, गोल्ड व सिलवर मैडलों से सम्मानित किया जायेगा।